>

Title: Need to convert the Bharuch-Jabosar railway line into broad-gauge and re-start the railway line between Netra and Ankleshwar extending it upto Nandurbar with broad-gauge.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के कई भागों में लोगों की रेलवे मांग को पूरा नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भरूच से जबोसर नैरो गेज को ब्रॉड गैज लाईन में परिवर्तित करना अति आवश्यक है। यह अत्यंत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। अंकलेश्वर से नेत्रा नैरो गेज रेलवे लाईन कई वर्षों से बंद पड़ी है। इसे ब्रॉड गेज लाइन में परिवर्तित करके नेत्रा से डेडिया पारा, सागबारा, सेलम्बा होते हुए महाराÂष्ट्र के नेंदूरबार तक इस ब्रॉड गेज लाईन को ले जाया जाये। यह क्षेत्र आदिवासी क्षेत्र है एवं रेलवे सेवा के अभाव में लोगों को बहुत दिक्कत हो रही है। अगर नेत्रा से नेंदूरबार तक ब्रॉड गेज रेलवे लाईन बनायी जाये तो इस कार्य से गुजरात एवं महाराÂष्ट्र के इन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी लोगों को यातायात में काफी सुविधा होगी और इन आदिवासी लोगों का आर्थिक विकास करने में मदद मिलेगी।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि भरूच से जबोसर नैरोगज लाईन को ब्रॉड गेज लाइन में बदला जाये तथा नेत्रा से अंकलेश्वर तक बंद पड़ी नैरो गेज लाईन को ब्रॉड गेज लाईन में बदलकर इसे नेंदूरबार तक किया जाये।